# 2024-25 MODELQUESTION PAPER-1

# Subject : THIRD LANGUAGE HINDI

# KEY ANSWERS

-Priya tutorials

**I.निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार विकल्प दिए गए हैं उनमें से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :**

**8×1=8**

1] B] दूर

2] C] रास्ता

3] A] लगाना

4] D] वृद्दि संधि

5] C] बेटी

6] A] कर्मधारय समास

7] D] का

8] C] प्रश्न चिह्न

**IIनिम्म्लिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरुप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :**

**4×1=4**

9] काजू

10] ईमानदारों के सम्मेलन में

11] नदी

12] दीप

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक –एक वाक्य में लिखिए :- 4×1=4**

13] कहीं कपड़े चोरी न हो जाए यह सोचकर कपड़े सिरहाने दबाकर सोये ।

14] चलती बस से गिरकर चोट आ गई थी, इस लिए साधोराम को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा ।

15] दिनकर जी के अनुसार आधुनिक दुनिया विचित्र और नवीन है ।

16] कृष्ण की शिकायत बलराम के प्रति है ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में लिखिए :- 8×2=16**

17] दुकानदार ने लेखक से कहा, “बाबूजी, बड़े मजेदार सेब आये हैं, खास कश्मीर के। आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी।”

Scanned with OKEN Scanner

18] हाथी ने दोस्तों को कहा कि इसमें क्या कठिनाई है? पेड़ों से लकड़ी के इतने मोटे और मजबूत गोले काट लो, जितने मेरे पैर हैं। इसके बाद क्या करना था वह नहीं जानता था।

19] घरेलू कामकाज के साथ-साथ नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर उनका काम सँभालने के लिए धीरज सक्सेना को एक बुद्धिमान रोबोट की जरूरत थी।

20] बाल-शक्ति टोली ने गाँव के गड्ढों को मिट्टी से भरा। गाँव का कूड़ा डालने के लिए निश्चित जगह बनाकर, सबको वहीं कूड़ा डालने को कहा। गाँव को हरा-भरा रखने के लिए चारों तरफ पेड़-पौधे लगाए।

21] आज मनुष्य ने अपनी बुद्धि और सामर्थ्य का उपयोग करके प्रकृति के सभी क्षेत्रों में (आकाश, पाताल, धरती) विजय प्राप्त कर ली है। विजयी पुरुष प्रकृति पर आसीन है। प्रकृति को विकृत कर दिया है। प्रकृति के सहज स्वरूप को असहज स्वरूप बना दिया है।

22] यशोदा कृष्ण के क्रोध को शांत करने के लिए इस तरह कहती है – हे कृष्ण ! सुनो । बलराम जन्म से ही चुगलखोर है । मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ , मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो ।

23] सौरमंडल में शनि ग्रह का स्थान दूसरा है ।

**[अथवा]**

शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह कहा जाता है ।इसके चारों ओर सुंदर वलय दिखाई देते हैं। प्रकृति ने शनि के गले में खूबसूरत हार डाला दिये हैं। इसलिए शनि सौरमंडल का सुंदर ग्रह है ।

24] सत्य एक विशाल वृक्ष है ।सत्य का जितना आदर किया जाता है, उतने ही फ़ल उसमें लगते हैं । सत्य का अंत नही होता । इसलिए सत्य बोलने की आदत बचपन से ही डालनी चाहिए ।

**[अथवा]**

प्रकृति हमारी माता है। हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए । अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :- 9×3=27**

25] लेखिका ने गिल्लू को हौले से उठा कर अपने कमरे में लायी, फिर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया। कई घंटे के उपचार के बाद उसके मुँह में एक बूंद पानी टपकाया जा सका। इस प्रकार लेखिका ने गिल्लू के प्राण बचाये।

26] अहमद जलालुद्दीन एक स्थानीय ठेकेदार थे । अब्दुल कलाम के जीजा थे । अब्दुल कलाम के अंतरंग मित्र थे और अब्दुल कलाम को आजाद कहकर पुकारते थे । जलालुद्दीन और अब्दुल कलाम प्रय: अध्यात्मिक विषयों पर बातें करते थे । कलाम जी को हमेशा शिक्षित व्यक्तियों,वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते रहते थे। वही थे जिन्होंने कलाम जी को सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया ।

27] बसंत एक गरीब लड़का है ।वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता है ।इसलिए वह राजकिशोर जी से दया की भीख लेने से इनकार करता है।वह घायल होने पर भी अपने भाई प्रताप को राजकिशोर के पैसे लौटाने को भेजता है।इससे पता चलता है कि बसंत एक ईमानदार लड़का है ।

28] महिला की साहस गाथा पाठ से हमें यह संदेश मिलता है कि महिलाएँ साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कम नहीं हैं। ऐसी महिलाओं से साहस, परिश्रम, दृढनिश्चय, मुसीबतों का सामना करना आदि गुण सीखने की प्रेरणा मिलती हैं।

Scanned with OKEN Scanner

29] कर्नाटक राज्य की शिल्प कला अनोखी है । हंपी, बादामी, पट्टदकल्लु की शिल्प कला और वास्तु कला अद्भुत है। बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं। श्रवणबेलगोला में गोमटेश्वर की एक शिला प्रतिमा है । विजयपुर के व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है। मैसूर का राज महल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है । मैसूर में प्राचीन सैंट फिलोमिना चर्च और जगन मोहन राज महल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है ।

30] भारत माँ के खेत हरे-भरे और सुहाने है ।वन-उपवन फ़म-फूलों से युत है ।भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है ।भारत माता सुख-संपत्ति और धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है ।

31] समय बहुत अनमोल है । हमें काम करने का जो अवसर मिलता है, उसे आलस और बहाने बनाना छोड़कर, उसी में मन लगाकर, आत्म विश्वास के साथ, संदेह को भगाकर, काम करना चाहिए | अगर उस समय का सदुपयोग नहीं करेंगे तो हमें बहुत पछताना पड़ता है ।

32] **<u>भावार्थ :-</u>** प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी कहते हैं कि – दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का । इसलिए जब तक शरीर में प्राण है, तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए ।

33] ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆ ಮಾತಾನಾಡುತ್ತಾರೆ. ಇದರ ರಾಜಧಾನಿ ಬೆಂಗಳೂರು, ಇಲ್ಲಿ ದೇಶ ವಿದೇಶದ ಜನರು ಬಂದು ನೆಲೆಸಿದ್ದಾರೆ.

**VI निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :- 2×4=8**

34] इंटरनेट के द्वारा पल भर में, बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है । तुम चाहो तो पूरे एक पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते हैं । शायद इसके बिना संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं। इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे ख़रीदारी कर सकते हैं । कोई भी बिल भर सकते हैं । इंटरनेट – बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है ।

**[अथवा]**

'सोशल नेटवर्किंग' ने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है। सोशल नेटनर्किंग के कई साइट्स हैं। जैसे – फेसबुक, आरकुट, ट्विट्टर, लिंकडइन आदि। इनसे दुनिया के लोगों के रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान, कला, संस्कृति आदि का प्रभाव पड़ता है। इस.प्रकार यह एक क्रांतिकारी खोज है।

35]निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए ।

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोडकर मत भागो तुम।

Scanned with OKEN Scanner

VII. 36].गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :4×1=4

अ] लोग दूसरों के जीवन का अनुकरण इसलिए करते हैं कि इसी से उनको सुख मिलता है ।
आ] अपनी ताकत को न पहचान कर दूसरों के पीछे-पीछे निरुद्देश्य चलने को अंधानुकरण कहते हैं ।
इ] सडक के किनारे सूखे पत्ते कमज़ोर और निर्जीव होकर पड़े हैं ।
ई] मनुष्य को समय के साथ-साथ निज बल से आगे बढ़ना चाहिए ।

**VIII37] दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :- 1×4=4**

**पर्यटन का महत्व**

पर्यटन का अर्थ होता है – घूमना। घूमना यानि ऐसा घूमना जिसमें आपको सुख की प्राप्ति हो। ऐसे स्थानों की सैर करना जहां से आपकी जिज्ञासा पूर्ति हो। इसके अलावा पर्यटन वह होता है जो आपकी दैनिक चिंताओं से दूर हो, जहां आप अपने अंतर्मन को पूर्ण रूप से आजाद तथा सुकून भरा पाते हैं। यही कारण है कि हर कोई अपना समय निकालकर पर्यटन के लिए निकल पड़ता है। काफी लोगों के जीवन में पर्यटन शौक की तरह होता है।

पर्यटन के लाभ – पर्यटन एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए देश विदेश की जानकारी प्राप्त होती है। इससे हमारा ज्ञान समृद्ध होता है। हम जानते हैं कि पुस्तकीय ज्ञान उतना प्रभावी नहीं होता जितना कि प्रत्यक्ष ज्ञान। ऐसे में पर्यटन से हमें देश-विदेश के खान-पान, रहान-सहन तथा सभ्यता-संस्कृति की जानकारी मिलती है। पर्यटन के जरिए पूरा देश और विश्व अपना-सा प्रतीत होता है। राष्ट्रिय एकता बढ़ाने में पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान है। इतना ही नहीं किसी भी प्रकार की जिज्ञासा को शांत करने में पर्यटन लाभकारी है। यह हमारे मन को ही शांत नहीं करता बल्कि यह देश की आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक लाभ भी प्रदान करता है।

**उपसंहार** :-पर्यटन से राष्ट्रीयता की भावना मजबूत होती है। साथ ही पर्यटन से जीवन में उदारता व सहिष्णुता की भावना आती है। साधु-संत जो सामान्य मानव से ऊपर स्थान प्राप्त करते हैं, उसका मुख्य विशेष कारण उनकी घुमक्कड़ी ही है। जिसके चलते वह हर प्रकार का ज्ञान हासिल करने में सक्षम होते हैं, पर्यटन के विशिष्ट गुण को परिलक्षित करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में भी लिखा है

**स्वच्छ भारत अभियान**

प्रस्तावना :

स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वास्थ्य को नष्ट करने के जितने भी कारण हैं, उनमें गंदगी प्रमुख है। बीमारियाँ गंदगी में ही फैलती हैं। राष्ट्रपिता गांधी ने भारत के स्वतंत्रता से पहले अपने समय के दौरान " स्वच्छता आजादी से अधिक महत्वपूर्ण है" कहा था आजादी के कई वर्षों बाद सफाई के बारे में एक अभियान शुरू हुआ है।

महत्व :

2 अक्टूबर 2014 महात्मागांधीजी के जन्म दिन के अवसर पर भारत के प्रधान मंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान नामक एक अभियान शुरू किया इस अभियान के पूरे होने का लक्ष्य 2019 है। जो कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती है। स्वच्छ भारत अभियान पूरी तरह से देश की आर्थिक क्षमता के साथ

Scanned with OKEN Scanner

जुड़ा हुआ है। इस अभियान को शुरुआत करने का प्रमुख कारण लोगों को स्वच्छता की ओर जागृत करना, शौचालय की सुविधा देना, स्वच्छता से जीने के लिए प्रेरणा देना और स्वस्थ जीवन की नींव डालना।

उपसंहार :

भारत के प्रधानमंत्री ने हर भारतीय को स्वच्छता के लिए 100 घंटे प्रति वर्ष समर्पित करने के लिए अनुरोध किया है। इसलिए हम सब को इस अभियान को साकार बनाने के लिए कार्य प्रवृत्त होना चाहिए।

**IX38] निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :-** **5×1=5**

**दिनांक: 05-12-2024**

प्रेषक,<br>
महबूब बाषा एम<br>
दसवीं कक्षा<br>
सरकारी हाईस्कूल<br>
एस.आर.कालोनी<br>
बल्लारी-583101

**सेवामें,**

प्रधानाध्यपक<br>
सरकारी हाईस्कूल<br>
एस.आर.कालोन<br>
बल्लारी-583101

**पूज्यगुरुजी,**

**विषय:** छुट्टी केलिए प्रार्थना पत्र।

उपर्युक्त विषयानुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं अपने बहन के विवाह में शामिल होने के लिए बेंगलूरु जा रहा हूँ। इसलिए आप दिनांक 06-12-2024से 14-12-2024 तक तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

**"धन्यवाद के साथ"**

आपका आज्ञाकारी छात्र<br>
[ महबूब बाषा एम ]

Scanned with OKEN Scanner